# विकास भारती बिशुनपुर Newsletter

Vol - 03, No - 2 February, 2024



## प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (PMKK)

वविकास भारती बिशुनपुर के द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) के मार्गदर्शन में प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (PMKK) की शुरुआत की गयी एवं इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारयुक्त बनाना या उन्हें स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना है। PMKK प्रशिक्षण केंद्र अत्यंत अत्याधुनिक है और NSDC द्वारा अनुशंसित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार है। 18-35 वर्ष की आयु सीमा वाले सभी युवाओं को पीएमकेके के तहत विभिन्न डोमेन में प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें घरेलू डेटा एंट्री ऑपरेटर, निहत्थे सुरक्षा गार्ड, सहायक इलेक्ट्रीशियन, सिलाई एवं कढ़ाई और घरेलू देखभाल सहायता शामिल हैं।

प्रधानमंत्री कौशल केंद्र गुमला, पलामू ,गढ़वा,चतरा और लातेहार में चलाये जा रहे चार विषय जोकि सिलाई एवं कढ़ाई , घरेलू डेटा एंट्री ऑपरेटर, घरेलू देखभाल सहायता एवं सहायक इलेक्ट्रीशियन है में प्रशिक्षण सुचारु रूप से चलाया गया जिसके अंतर्गत कुल 919 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है| साथ ही जिन प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण समाप्त हो गया उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया गया |

प्रशिक्षण के साथ –साथ सभी पाँचों केंद्रों में धूम धाम से सरस्वती पूजा मनाया गया। सभी केंद्र के Mobilizer द्वारा गाँव-गाँव में जाकर प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा योजना के विषय में जानकारी दी गई इसके साथ-साथ पंजीकरण का स्थान एवं पंजीकरण के समय लगने वाले दस्तावेजों की भी जानकारी लोगों को दी गई।







# समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम (HRDP)

विकास भारती बिशुनपुर HDFC के सहयोग से समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम (HRDP) ग्रामीण संवर्धन के क्षेत्र में प्रमुख कार्यक्रम है जो ग्रामीण समुदायों को विकास और समृद्धि के साधन प्रदान करने का प्रयास करती है। इसके अंतर्गत ग्रामीणों को बुनियादी व्यवस्थाओं से युक्त प्रशिक्षण एवं विभिन्न क्षेत्र विकासोनुरुप ढांचों के निर्माण का कार्य भी करती है। फरवरी माह में स्वास्थ्य और स्वच्छता कार्य अंतर्गत पशुपालन विभाग के सहयोग से गारू प्रखंड के सभी 20 गाँव में कुल 150 जानवर जिनमें गाय , बकरी एवं सूअर शामिल हैं का टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया। साथ ही ग्राम सभा के सहयोग से सौर लिफ्ट से सिंचाई हेतु पाँच गांवों में स्थान का चयन सफलतापूर्वक पूरा किया गया एवं इन् गावों में सौर लिफ्ट से सिंचाई हेतु बोर वेल और 5 HP का समर्सिबल पंप को सफलतापूर्वक स्थापित भी किया गया।







# झारखंड हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड

झारखंड हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना विकास भारती, बिशुनपुर द्वारा भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2024 तक 4 वर्षों की अवधि के लिए शुरू की गई है। इस परियोजना में गुमला जिले के बिशुनपुर ब्लॉक के 10 पंचायत और 68 गांव एवं डुमरी ब्लॉक के 9 पंचायतों और 63 गांव हैं जिसके अंतर्गत कृषि पारिस्थिति को पुनर्जीवित करना, 1,00,000 छोटे और सीमांत किसानों की आय को दोगुना करना के साथ-साथ आजीविका और जलवायु लचीलापन सुरक्षित करना प्रमुख लक्ष्य है । परियोजना अंतर्गत इस माह डुमरी प्रखंड के 10 गाँवों जिनका नाम क्रमशः बंदुआ , नौगाईं , महुआडीह, मझगांव, कोठी , डहकुल , बरटोली , एकम्बा, लथाटोली एवं टाटी हैं में परियोजना के अप्रूवल हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें कुल 450 ग्रामीण सम्मिलित हुए। साथ ही इस माह कामडारा प्रखंड में आयोजित शेड नेट खेती पर आयोजित

प्रशिक्षण सह अनावरण कार्यक्रम में छः किसान एवं परियोजना के सदस्यगण प्रशिक्षण हेतु भेजे गए ।





# गैर-विभागीय प्रशिक्षण केंद्र (NDTC)

विकास भारती बिशुनपुर ने 29 दिसंबर, 2022 को बिशुनपुर में KVIC के सहयोग से गैर-विभागीय प्रशिक्षण केंद्र(NDTC) नामक एक अलग केंद्र शुरू किया है ताकि ग्रामीण स्थानीय लोगों विशेषकर युवाओं को बढ़ईगीरी, मधुमक्खी पालन, खाद्य प्रसंस्करण, वेल्डिंग, सिलाई, आदि जैसे विभिन्न आयामों अंतर्गत स्थानीय स्तर पर कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा सके ताकि वे बाजार संचालित उद्यमिता कौशल प्राप्त कर सकें। इस माह परियोजना अंतर्गत पांच दिवसीय ग्रामीण तेल प्रशोधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 59 ग्रामीणों ने इमली का तेल निकालने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया।





# कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह, लोहरदगा

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित एवं कल्याण विभाग , झारखण्ड सरकार द्वारा सम्पोषित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह, लोहरदगा में दिनांक - 01/02/2024 को सदर अस्पताल के मलेरिया विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अलिप कुमार मिश्रा के द्वारा राष्ट्रीय विषाणु जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण देते हुए डॉ अलिप कुमार मिश्रा ने मुख्य रूप से मलेरिया फाइलेरिया आदि रोगों के पहचान , इसके शुरुआती लक्षण, रोगी के रोग निदान एवं रोग के दौरान दी जाने वाली औषधियां के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, विकास भारती बिशनपुर के

क्षेत्रीय समन्वयक, देवेंद्र कुमार मंडल, चिकित्सक डॉ सतीश कुमार सिन्हा, डॉ प्रेम प्रकाश सिन्हा, डॉ दिलीप खेस, डॉ आस्था कुमारी सिन्हा आदि उपस्थित हुए।




## जन शिक्षण संस्थान (JSS)

संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-साक्षर , नव-साक्षरों के साथ-साथ विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों के कौशल की पहचान कर उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। जन शिक्षण संस्थान, दुमका द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत सिलाई एवं कढ़ाई ट्रेड सम्बंधित प्रशिक्षण का शुभारम्भ दिनांक 6 फरवरी , 2024 को श्रीमती लुइस मरांडी , पूर्व मंत्री , झारखण्ड सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर इस योजना से भविष्य में होने वाले दूरगामी लाभ के विषय में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत रूप से बताया गया। इस अवसर पर विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु 26 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। साथ ही इससे सम्बंधित बेसिक प्रशिक्षण में दुमका ज़िला के उधोग विभाग के महा प्रबंधक श्री दास एक्का के द्वारा विश्वकर्मा योजना से संबंधित ऋण एवम् उद्योग की जानकारी उपस्थित प्रशिक्षुओं को विस्तृत रूप से दी गयी। साथ ही दिनांक -19 फरवरी, 2024 को जन शिक्षण संस्थान, विकास भारती,दुमका के कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत द्वितीय बैच में तीसरे दिन विश्वकर्माओं को अपने पारंपरिक व्यवसाय को न्यू स्टार्टअप में बदलने के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिट-अप केयर कंपनी के सीईओ प्रभांशु भारती जी के द्वारा नये व्यापार की शुरुआत के लिए किस प्रकार से योजना बनाई जाए , सम्बंधित व्यवसाय पंजीकरण एवं लाइसेंस, आपूर्ति, मार्केटिंग और प्रचार प्रसार, संभावित संघर्ष एवं चुनौतियां, वित्तीय प्रबंधन जैसे मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।







# बाल गृह

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा बाल गृह की शुरुआत वैसे बच्चे जो गुम हो गए हों या फिर तस्करी के शिकार हो गए हों के पुनर्वास एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने, उनकी शिक्षा , स्वास्थ्य एवं उनका सामाजिक विकास करने के साथ-साथ पालन पोषण करने के उद्देश्य से किया गया है। फरवरी माह में बाल गृह, गुमला में बच्चियों के साथ अधिकारियों द्वारा सामूहिक परिचर्चा की गयी जिसमें सभी बच्चियों से उनके पढाई सम्बंधित एवं उनके स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारियां ली गयी इसके इलावा अधिकारियों द्वारा सभी बच्चियों के साथ आने वाले पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी को भी साझा किया गया। साथ ही इस माह बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती पूजा उत्सव को बाल गृह में बड़े ही धूम-धाम से बच्चियों के साथ मनाया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र , गुमला

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा गुमला जिला अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) के सह भागीदारी के साथ की गयी तथा ग्रामीण समुदाय एवं किसानों को नई तकनीक के उपयोग से कृषि उत्पादकता को बढ़ाने एवं स्वावलम्बी बनाने का कार्य अथक रूप से कर रही है। परियोजना अंतर्गत फरवरी माह में गुमला जिले अंतर्गत किसानों की आय को दोगुनी करने एवं जिले को तेलहन की खेती में आत्मनिर्भर बनाने हेतु पहली बार बड़े स्तर पर सूरजमुखी की खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया जा है। केंद्र द्वारा लगभग 50 एकड़ में 171 किसानों के बीच सूरजमुखी प्रभेद -LSFH 171 क्लस्टर बनाकर उनका प्रत्यक्षण कराया गया।








**Head Office**
**Vikas Bharti Bishunpur**
Block : Bishunpur, Dist.- Gumla - 835331

**Administrative Office :**
**Vikas Bharti Bishunpur**
19 Gramayatan, Arogya Bhawan-1, Bariatu Road, Ranchi-834009

E-mail : vikasbharti1983@gmail.com
**Website** - www.vikasbharti.in